# छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

पर्यावास भवन, सेक्टर – 19, नवा रायपुर अटल नगर,
जिला–रायपुर (छ.ग.) 492002
Email add- hocecb@gmail.com


## // सर्व संबंधित को सूचना //

भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 (यथा–संशोधित) के तहत् सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि ग्राम – मुढ़ेना, तहसील एवं जिला–महासमुंद (छ.ग.) में स्थित 02 फर्शीपत्थर खदानों (गौण खनिज) (1) मेसर्स फ्लेग स्टोन क्वारी (प्रो.– श्री अवधराम सोनवानी), ग्राम–मुढ़ेना, तहसील व जिला–महासमुंद (छ.ग.) स्थित पार्ट ऑफ खसरा कमांक – 333/1, कुल क्षेत्रफल – 0.55 हेक्टेयर में पूर्व संचालित फर्शी पत्थर (गौण खनिज) खदान उत्खनन क्षमता – 3,644 घनमीटर (9,110 टन) प्रतिवर्ष एवं मेसर्स फ्लेग स्टोन क्वारी (प्रो.– श्री विरेन्द्र सिंह ठाकुर), ग्राम–मुढ़ेना, तहसील व जिला–महासमुंद (छ.ग.) स्थित खसरा कमांक – 13, 14, 15, 16, 17, 18, 21/1, 21/2, 22, 23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 31, 32, 33, 34, 35 एवं 36, कुल क्षेत्रफल –2.76 हेक्टेयर में पूर्व से संचालित फर्शी पत्थर (गौण खनिज) खदान उत्खनन क्षमता – 2,025 घनमीटर प्रतिवर्ष के पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् **संयुक्त लोक सुनवाई दिनांक 16/01/2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से ग्राम पंचायत भवन मुढ़ेना, तहसील व जिला–महासमुंद में** नियत की गई है। यह भी सूचित हो कि लोक सुनवाई के दौरान भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली का ऑफिस मेमोरेण्डम F.No. 22-25/2020-IA.III दिनांक 14/09/2020 तथा कोरोना वाईरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी समस्त दिशा–निर्देशों का अक्षरश पालन कराया जाना अनिवार्य होगा।

ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 14 सितम्बर, 2006 (यथा–संशोधित) के अनुसार संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन/पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट, कार्यपालक सार हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा तथा सी.डी. (साफ्ट कॉपी) डायरेक्टर, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, वैज्ञानिक 'ई', एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़, कार्यालय कलेक्टर महासमुंद, जिला– महासमुंद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत महासमुंद, जिला– महासमुंद, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, जिला–महासमुंद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत–महासमुंद, कार्यालय सरपंच, ग्राम पंचायत मुढ़ेना, तहसील व जिला–महासमुंद, क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ पर्यावरण संरक्षण मंडल, न्यू ऑफिस बिल्डिंग, रिंग रोड नं. – 2, टाटीबंध, रायपुर, जिला–रायपुर एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर में रखी गई है।

**सदस्य सचिव**
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)